Dainik Bhaskar

किसानों और व्यापारियों को सही जानकारी पाने में मदद करेगा 'टिकर मार्केट'

सिटी रिपोर्टर | इंदौर

भारतीय शेयर बाज़ार पर आधारित एप टिकर मार्केट शनिवार को लॉन्च किया गया। इसमें शेयर बाज़ार के सभी लोकप्रिय सेगमेंट फ्रेंडली फीचर, आईपीओ, टिकर टीवी, लर्निंग, एमएफ इत्यादि इस एप में उपलब्ध हैं। टिकर की ओर से इस एप में कई नई विशेषताएं जैसे मार्केट एनालिसिस, वीडियो कम्युनिकेशन, फंड डिटेल, लर्निंग टूल्स, आईपीओ सिलेक्शन भी शामिल की गई हैं। इस सेगमेंट के पहले फीचर में टिकर टीवी, एयर ट्रेड नाऊ आदि हैं। इक्विटी मार्केट में निवेश के लिए ट्रेड नाऊ का उपयोग किया जा सकता है। एप यूज़र इस सेगमेंट में दिखाई गए संस्थानों के साथ एकाउंट खोलने में सक्षम होंगे, साथ ही उनके द्वारा पेश किए गए उत्पाद को देख भी सकते हैं। निवेशकों के लिए एक अतिरिक्त लाभ के रूप में वे मार्केट और इकोनॉमी के बारे में अर्थशास्त्री, शोध प्रमुख, विशेषज्ञों के विचार देख सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान तेल और तिलहन उत्पादों की विभिन्न किस्मों सहित कृषि बाज़ार को रिपोर्ट कवर करने की भी शुरुआत की गई। साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक डॉ. बी.वी. मेहता ने कहा यह एप व्यापार, उद्योग, और किसानों को सही जानकारी पाने में मदद करेगा।

कार्यक्रम में एक्सपर्ट्स ने टिकर मार्केट एप के बारे में जानकारी दी।